an>

Title: Need to pressurise Haryana government to provide water to Sidhmukh canal in Rajasthan.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे क्षेत्र में सिधमुख कैनाल प्रोजेक्ट है। इसे हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के मध्य वर्ष 1983 में एग्जिक्यूट किया गया। 0.47 एमएएफ पानी का एग्रीमेंट है लेकिन 0.30 एमएएफ पानी दिया जा रहा है। 0.17 एमएएफ पानी हरियाणा ने इश्यू क्रिएट किया कि कैपेसिटी इन्हान्समेंट के बाद ही पानी दिया जाएगा। राजस्थान सरकार ने पैसा देकर कैपेसिटी इन्हान्स कर दिया, जिसे पंजाब गवर्नमेंट ने एग्री भी किया लेकिन वह पानी आज तक नहीं दिया गया। सिधमुख कैनाल का एक बूंद पानी वहां नहीं पहुंचा। लोग मंढेर पर बैठकर इंतजार कर रहे हैं कि कब पानी आएगा?

मेरा अनुरोध है कि इसके लिए हरियाणा गवर्नमेंट को प्रैशराइज करे कि एग्रीमेंट की बात को मानते हुए सिधमुख कैनाल को पानी दिया जाए, यही मेरा निवेदन है।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राहुल कस्वां द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।